भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

13.12.2023 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1681 का उत्तर

लग्जरी रेलगाड़ियों का परिचालन

1681. कुमारी राम्या हरिदास:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि हाल के वर्षों में, विशेषकर महामारी के बाद भारत में लग्जरी रेलगाड़ियों में यात्रियों की संख्या और राजस्व में गिरावट देखी गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे की पर्यटकों, विशेषकर विदेशी पर्यटकों को भारत में आकर्षित करने के लिए लग्जरी रेलगाड़ियों को बढ़ावा देने की योजना क्रियान्वित करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यात्रियों की संख्या में गिरावट को देखते हुए रेलवे किसी रेलगाड़ी का परिचालन बंद करने की योजना बना रहा है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): भारतीय रेल की पर्यटक रेलगाड़ियों के लिए नीति है। नवंबर, 2021 में इसने 'भारत गौरव रेलगाड़ी' नीति जारी की है, जिसके तहत भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भव्य ऐतिहासिक स्थानों को दिखाने के उद्देश्य से थीम आधारित पर्यटक सर्किट रेलगाडियाँ चलाई जा रही हैं। इस नीति के तहत, सेवा प्रदाताओं को बाजार की मांग के अनुसार थीम/यात्राक्रम/दरसूची तय करने की पूरी छूट है। सेवा प्रदाता रेल परिवहन, आवास, भोजन, स्थानीय सड़क परिवहन, दर्शनीय स्थलों की सैर आदि की सुविधा के साथ एक व्यापक पैकेज पेश करता है। लग्जरी रेलगाड़ियों के लिए कोई नीति नहीं है।

****

s.k